# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना) म0प्र0

(शासीनिकाय की बैठक दिनांक 22.03.2025 की मिनिट्स)

शासी निकाय की बैठक दिनांक – **22.03.2025**

समय – **अपरान्ह 04:00 बजे**

स्थान – **प्राचार्य कक्ष/मीटिंग हॉल, स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह**

मीटिंग में उपस्थित/अनुपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यो की हस्ताक्षरित सूची :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ओ. पी. शुक्ला | – | अध्यक्ष शासी निकाय | उपस्थित |
| 2. | श्री राजकुमार व्यास | – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 3. | श्री गुणाकर शर्मा, एडवोकेट | – | सदस्य शासी निकाय | अनुपस्थित |
| 4. | श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट | – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 5. | डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा | – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 6. | श्री संजय शर्मा, उद्योगपति | – | सदस्य शासी निकाय | अनुपस्थित |
| 7. | डॉ. राधा तोमर, (आचार्य S.O.S. रसायन) | – | विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (जी.वि.वि. ग्वालियर) | अनुपस्थित |
| 8. | प्रो. रेखा भदौरिया, से.नि. प्राध्यापक | – | यू.जी.सी.प्रतिनिधि | अनुपस्थित |
| 9. | प्राचार्य (शास. अग्रणी कन्या महाविद्यालय, मुरैना) | – | शासन प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 10. | डा विवेक कुमार जैन, (सहा. प्रा. रसायन) | – | शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 11. | डॉ. दिनेश रावत (सहा. प्रा. भूगोल) | – | शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 12. | श्री रामबरन राठौर (प्र. हेड क्लर्क महाविद्यालय अम्बाह) | – | सदस्य | उपस्थित |
| 13. | प्रो. विश्वास मेढ़ेकर, प्राचार्य (महाविद्यालय अम्बाह) | – | पदेन सचिव | उपस्थित |

आज दिनांक 22.03.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह की शासी निकाय की बैठक प्राचार्य कक्ष, अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह में अध्यक्ष शासी निकाय डॉ. ओ. पी. शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्न ठहराव पारित किये गये :–

1. शासी निकाय की पिछली बैठक दिनांक 19.10.2024 की मिनिट्स पुष्टि हेतु समिति में रखी गई जिसकी पुष्टि की गई।
2. महाविद्यालय के आगामी सत्र 2025–26 के 3 माह एवं मार्च 2025 अन्तिम माह के आवश्यकीय व्यय हेतु लेखा अनुदान स्वीकृत बाबत् प्रकरण समिति में प्रस्तुत किया गया। समिति ने इस पर विचार किया और पाया कि इस पर महाविद्यालय की वित्त समिति अपनी बैठक दिनांक 20.03.2025 में विचार कर अपनी अनुशंसा कर चुकी है। अतः वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.03.2025 की मिनिट्स का अवलोकन किया जाकर चर्चा के उपरान्त वित्त समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं का पालन कर लेखा अनुदान के रूप में आवश्यकीय खर्चो के लिये रू. 30,00,000/– की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसके साथ ही वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.03.2025 की मिनिट्स की भी पुष्टि इस स्वीकृति के साथ की जाती है कि बैठक के बिन्दु क्र. 3 (अन्य प्रकरण श्रीमान् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से) के बिन्दु क्र. 4 में लिये गये निर्णय परिनियम 28/17 के अन्तर्गत नियुक्त शैक्षणिक स्टाफ की वार्षिक

D:\GB_Meeting\minits jan08\Page No.427

बृद्धि तथा मंहगाई भत्ता बढाए जाने सम्बन्धी निर्णय के सम्बन्ध में शासी निकाय की यह समिति यह निर्णय/ठहराव पारित करती है कि वित्तीय स्थिति ठीक होते ही स्थगित की गई वार्षिक बृद्धियां देय तिथि से ही मय एरियर के दी जावे तथा मंहगाई भत्ता बढाये जाने सम्बन्धी प्रकरण तदसमय प्रेषित किया जावे।

3. महाविद्यालय के शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ के अध्यक्ष महोदय एवं प्राचार्य महोदय द्वारा स्वीकृत किये गये अर्जित, मेडीकल अवकाशों की पुष्टि की जाती है जिनका विवरण निम्न प्रकार है–

**अध्यक्ष महोदय द्वारा :–**

1. डॉ. कमल भारद्वाज – दिनांक 01.10.2024 से 31.03.2025 तक।
2. डॉ. व्ही.के. जैन – दिनांक 19.11.2024 से 25.11.2025 तक।
   – दिनांक 16.01.2025 से 19.01.2025 तक।
3. डॉ. कौशलेन्द्र उपाध्याय – दिनांक 10.12.2024 से 19.12.2024 तक।

**प्राचार्य महोदय द्वारा स्वीकृत अवकाश –**

1. श्री नौशेर खां – दिनांक 01.11.2024 से 20.12.2024 तक।
2. श्री कालीचरन – दिनांक 18.01.2025 से 25.01.2025 तक।

4. मानसेवी स्टाफ की सेवायें दिनांक 15.04.2025 से आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है। स्नातकोत्तर स्तर पर मानसेवी स्टाफ की व्यवस्था श्री प्रवीण शर्मा जी विधिवत् गत वर्ष की भांति करेंगे।

5. मानसेवी शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ की सेवाओं में एक दिवस का ब्रेक देने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

6. सत्र 2024–25 में अभी तक हुए कुल आय–व्यय की जानकारी 20 मार्च 2025 तक की परीक्षा तथा सामान्य लेखे की समिति के समक्ष रखी गई। समिति सूचित हुई।

अंत में इस निर्देश के साथ कि खर्चो में मितव्यता बरती जावे जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। तदोपरान्त अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

**हस्ताक्षर/–**
अध्यक्ष शासी निकाय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

**हस्ताक्षर/–**
प्राचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

**हस्ताक्षर अन्य सदस्यगण–**

1. प्राचार्य, शासकीय कन्या अग्रणी महा. मुरैना – शासन प्रतिनिधि
2. श्री राजकुमार व्यास – सदस्य शासी निकाय
3. श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट – सदस्य शासी निकाय
4. डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा – सदस्य शासी निकाय
5. डॉ. विवेक कुमार जैन – शिक्षक प्रतिनिधि
6. डॉ. दिनेश रावत – शिक्षक प्रतिनिधि
7. श्री रामबरन राठौर – प्रभारी हेडक्लर्क

Attested



प्राचार्य
अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अम्बाह (म०प्र०)